(37) MA Hindi (440)

Set No. 1 Question Booklet No. 00410

# 15P/237/31

*(To be filled up by the candidate by blue/black ball-point pen)*

Roll No. | | | | | | | | | |

Serial No. of OMR Answer Sheet ..........................................

Day and Date .................................................................... ..........................................

( Signature of Invigilator )

## INSTRUCTIONS TO CANDIDATES

(Use only ***blue/black ball-point pen*** in the space above and on both sides of the **Answer Sheet**)

1. Within 10 minutes of the issue of the Question Booklet, check the Question Booklet to ensure that it contains all the pages in correct sequence and that no page/question is missing. In case of faulty Question Booklet bring it to the notice of the Superintendent/Invigilators immediately to obtain a fresh Question Booklet.
2. Do not bring any loose paper, written or blank, inside the Examination Hall ***except the Admit Card without its envelope.***
3. ***A separate Answer Sheet is given. It should not be folded or mutilated. A second Answer Sheet shall not be provided. Only the Answer Sheet will be evaluated.***
4. Write your Roll Number and Serial Number of the Answer Sheet by pen in the space provided above.
5. ***On the front page of the Answer Sheet, write by pen your Roll Number in the space provided at the top and by darkening the circles at the bottom. Also, wherever applicable, write the Question Booklet Number and the Set Number in appropriate places.***
6. ***No overwriting is allowed in the entries of Roll No., Question Booklet no. and Set no. (if any) on OMR sheet and Roll No. and OMR sheet no. on the Question Booklet.***
7. ***Any change in the aforesaid entries is to be verified by the invigilator, otherwise it will be taken as unfairmeans.***
8. ***Each question in this Booklet is followed by four alternative answers. For each question, you are to record the correct option on the Answer Sheet by darkening the appropriate circle in the corresponding row of the Answer Sheet, by pen as mentioned in the guidelines given on the first page of the Answer Sheet.***
9. For each question, darken only one circle on the Answer Sheet. If you darken more than one circle or darken a circle partially, the answer will be treated as incorrect.
10. *Note that the answer once filled in ink cannot be changed. If you do not wish to attempt a question, leave all the circles in the corresponding row blank (such question will be awarded zero marks).*
11. For rough work, use the inner back page of the title cover and the blank page at the end of this Booklet.
12. Deposit only **OMR** ***Answer Sheet*** at the end of the Test.
13. You are not permitted to leave the Examination Hall until the end of the Test.
14. If a candidate attempts to use any form of unfair means, he/she shall be liable to such punishment as the University may determine and impose on him/her.

**Total No. of Printed Pages : 32** *[उपर्युक्त निर्देश हिन्दी में अन्तिम आवरण पृष्ठ पर दिये गए हैं।]*

collegedunia
India's largest Student Review Platform

ROUGH WORK

रफ़ कार्य



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**15P/237/31**

**No. of Questions : 150**

**प्रश्नों की संख्या : 150**

***Time : 2 Hours*** | ***Full Marks : 450***

***समय : 2 घण्टे*** | ***पूर्णाङ्क : 450***

**Note :** (1) Attempt as many questions as you can. Each question carries **3 (Three)** marks. ***One mark will be deducted for each incorrect answer***. **Zero** mark will be awarded for each unattempted question.

अधिकाधिक प्रश्नों को हल करने का प्रयत्न करें। प्रत्येक प्रश्न **3** (तीन) अंकों का है। ***प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा जायेगा।*** प्रत्येक अनुत्तरित प्रश्न का प्राप्तांक ***शून्य*** होगा।

**01.** 'साहित्यकार का काम केवल पाठकों का मन बहलाना नहीं है'– यह कथन किसका है ?

(1) प्रेमचन्द
(2) मैथिलीशरण गुप्त
(3) जयशंकर प्रसाद
(4) महावीर प्रसाद द्विवेदी

**02.** 'जा तू प्रिये छोड़कर बंधन, मैं छन्दों की राह' – पंक्ति के लेखक हैं :

(1) सुमित्रानन्दन पंत
(2) सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'
(3) जयशंकर प्रसाद
(4) हरिवंशराय बच्चन

**03.** 'शवयात्रा' कहानी के लेखक हैं :

(1) श्यौराज सिंह 'बेचैन'
(2) हृदयेश
(3) आर० के० पालीवाल
(4) ओम प्रकाश वाल्मीकि



collegedunia India's largest Student Review Platform

**04.** 'जिस स्त्री ने अभी-अभी शिशु को जन्म दिया हो' – के लिए एक शब्द है :

(1) सद्यः जाता (2) आसन्नप्रसवा

(3) सद्यः प्रसूता (4) जन्मधात्री

**05.** 'प्रेम सागर' में वर्णित कथा निम्नांकित किस ग्रंथ से ली गई है ?

(1) महाभारत (2) श्रीमद्भागवत

(3) रामायण (4) उपनिषद्

**06.** 'मनोहारिणी' में प्रयुक्त प्रत्यय है :

(1) रिणी (2) इणी

(3) इनी (4) रिनी

**07.** 'हवा न चलती तो ठण्ड न होती' - यह किस प्रकार का वाक्य है ?

(1) संकेत वाचक (2) सम्भावना वाचक

(3) रीति वाचक (4) विस्मय वाचक

**08.** समय, स्थान एवं कार्य के संयोजन को कहा जाता है :

(1) संकलन त्रय (2) संयोजन त्रय

(3) अन्विति त्रय (4) त्रिकारादि

**09.** 'करैवा गाँव' किस उपन्यास में वर्णित है ?

(1) भूले बिसरे मित्र (2) रागदरबारी

(3) अलग-अलग वैतरणी (4) सेवा सदन

**10.** वंशीधर शुक्ल मूलतः किस भाषा के कवि हैं ?

(1) अवधी (2) भोजपुरी

(3) ब्रजभाषा (4) मैथिली



collegedunia
India's largest Student Review Platform

11. हरिवंश राय बच्चन को 'मधुशाला' लिखने की प्रेरणा किस कवि की रचना से मिली थी ?

(1) अमीर खुसरो
(2) कबीर
(3) उमर खय्याम
(4) अकबर इलाहाबादी

12. अमीर खुसरो हिन्दी के अतिरिक्त एक अन्य भाषा के भी महत्त्वपूर्ण कवि माने जाते हैं। वह कौन-सी भाषा है ?

(1) अरबी
(2) फारसी
(3) तुर्की
(4) पश्तो

13. 'कन्हावत' के रचनाकार हैं :

(1) रहीम
(2) रसखान
(3) कबीर
(4) मलिक मुहम्मद जायसी

14. निम्नांकित में कौन-सा साहित्यकार 'एक भारतीय आत्मा' -नाम से भी विख्यात है ?

(1) माखन लाल चतुर्वेदी
(2) सियाराम शरण गुप्त
(3) बाल कृष्ण शर्मा 'नवीन'
(4) सोहनलाल द्विवेदी

15. निम्न रचनाकारों में किसे 'भोजपुरी का शेक्सपियर' कहा जाता है ?

(1) गोपाल सिंह 'नेपाली'
(2) भिखारी ठाकुर
(3) त्रिलोचन शास्त्री
(4) मनोरंजन प्रसाद सिन्हा

16. किस उपन्यास की पृष्ठभूमि में भारत-विभाजन की त्रासदी है ?

(1) सामर्थ्य और सीमा
(2) कर्मभूमि
(3) झूठा-सच
(4) गली आगे मुड़ती है



collegedunia
India's largest Student Review Platform

17. 'भारत-भारती' काव्य के कवि हैं :

(1) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र
(2) मैथिलीशरण गुप्त
(3) रामधारी सिंह 'दिनकर'
(4) राम नरेश त्रिपाठी

18. 'एक कहानी यह भी' -किसकी आत्मकथात्मक कृति है ?

(1) राजेन्द्र यादव
(2) कमलेश्वर
(3) मैत्रेयी पुष्पा
(4) मन्नू भण्डारी

19. 'आवारा मसीहा' किसके जीवन पर केन्द्रित कृति है ?

(1) प्रेमचन्द
(2) रवीन्द्रनाथ टैगोर
(3) शरदचन्द्र
(4) राहुल सांस्कृत्यायन

20. 'तंत्रीनाद कवित्त रस सरस राग रति रंग।

अनबूड़े बूड़े तिरे जे बूड़े सब अंग'।।

छन्द में कौन-सा अलंकार है ?

(1) उपमा
(2) विरोधाभास
(3) प्रतीप
(4) अर्थान्तर न्यास

21. निम्नलिखित पत्रिकाओं और सम्पादकों का कौन युग्म सही सुमेलित है ?

(1) पूर्वग्रह - अखिलेश
(2) बहुवचन - प्रभाकर श्रोत्रिय
(3) तद्भव - अनामिका
(4) वर्तमान साहित्य- विभूति नारायण राय

22. 'सोन मछली' कविता के रचयिता हैं :

(1) अज्ञेय
(2) निराला
(3) नागार्जुन
(4) रघुवीर सहाय



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**23.** 'तोड़ने ही होंगे मठ और गढ़ सब' – किसकी पंक्ति है ?

(1) निराला (2) अज्ञेय

(3) मुक्ति बोध (4) दिनकर

**24.** 'सुन्दरी' नामक नारी पात्र किस प्रसिद्ध नाटक का है ?

(1) पहला राजा (2) लहरों का राजहंस

(3) आषाढ़ का एक दिन (4) चन्द्रगुप्त

**25.** 'आज भी देश में जयचन्दों की कमी नहीं है'- इस वाक्य में 'जयचन्द' किस प्रकार की संज्ञा है ?

(1) व्यक्ति वाचक (2) भाव वाचक

(3) समूह वाचक (4) जाति वाचक

**26.** 'भक्ति साहित्य समूचे भारतीय इतिहास में अपने ढंग का अकेला साहित्य है। यह एक नई दुनियाँ है।' – कथन किस लेखक का है ?

(1) महावीर प्रसाद द्विवेदी (2) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(3) हजारी प्रसाद द्विवेदी (4) ग्रियर्सन

**27.** 'ले चल मुझे भुलावा देकर मेरे नाविक धीरे धीरे' – किस काव्यग्रंथ की पंक्तियाँ हैं ?

(1) लहर (2) झरना

(3) प्रेम पथिक (4) कानन कुसुम

**28.** प्रगतिशील लेखक संघ के प्रथम अधिवेशन की अध्यक्षता किसने की थी ?

(1) के.एम.मुंशी (2) सज्जाद जहीर

(3) प्रेमचन्द (4) मुल्कराज आनन्द



collegedunia
India's largest Student Review Platform

29. 'नया ज्ञानोदय' साहित्यिक पत्रिका के सम्पादक हैं :

(1) ममता कालिया
(2) लीलाधर मंडलोई
(3) प्रभाकर श्रोत्रिय
(4) रवीन्द्र कालिया

30. बन्द हो चुकी कहानी पत्रिका 'सारिका' का प्रकाशक कौन था ?

(1) हिन्दुस्तान टाइम्स
(2) भारतीय ज्ञानपीठ
(3) राजकमल
(4) बैनेट कोलमैन

31. 'मुकुल' शीर्षक काव्य संग्रह में किसकी रचनाएँ संकलित हैं ?

(1) सुभद्रा कुमारी चौहान
(2) महादेवी वर्मा
(3) डॉ० रमा सिंह
(4) अनामिका

32. जॉर्ज ग्रियर्सन के इतिहास ग्रंथ का हिन्दी अनुवाद किसने किया है ?

(1) किशोरी लाल गुप्त
(2) राजकुमार वर्मा
(3) लक्ष्मी सागर वार्ष्णेय
(4) गणपति चन्द्र गुप्त

33. किस प्रसिद्ध रचना में सीता को सूत कातते हुए दिखाया गया है ?

(1) वैदेही वनवास
(2) रामचरित मानस
(3) साकेत
(4) अवधविलास

34. हजारी प्रसाद द्विवेदी की अनूदित रचना है :

(1) विश्व परिचय
(2) विचार विमर्श
(3) विचार विवेचना
(4) विस्मृत यात्री



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**35.** निम्न वाक्यों में कौन संयुक्त वाक्य का उदाहरण है ?

(1) राम ने अंगूर और अनार खाया

(2) सूर्यास्त के उपरान्त सब घर चले गए

(3) सूरदास ने सूरसागर रचा और तुलसीदास ने रामचरित मानस

(4) शेर को आता हुआ देखकर शिकारी भी डर गया

**36.** 'निष्प्रभ' का शाब्दिक अर्थ होगा :

(1) प्रभुता रहित
(2) जिसके भीतर तेज न हो
(3) अंधकार
(4) प्रभावहीन

**37.** 'धनुष्टंकार' में कौन-सी सन्धि प्रयुक्त है ?

(1) गुण सन्धि
(2) यण सन्धि
(3) अयादि सन्धि
(4) विसर्ग सन्धि

**38.** निम्नलिखित में से किस उपन्यास की विषयवस्तु आदिवासी जीवन से सम्बन्धित **नहीं** है ?

(1) शैलूष
(2) रेत
(3) ग्लोबल गाँव के देवता
(4) आधा गाँव

**39.** 'रामकथा कलि कलुष निकन्दिनि।

भयभंजन भ्रमभेक भुवंगिनि।।' में अलंकार है :

(1) सांगरूपक
(2) परम्परित रूपक
(3) निरंग रूपक
(4) मालोपमा



collegedunia
India's largest Student Review Platform

40. 'अभिहित–अविहित' शब्दयुग्म का सही अर्थयुग्म है :

(1) कहा हुआ- शास्त्रविरुद्ध
(2) न कहा हुआ - जाना हुआ
(3) शास्त्र विरुद्ध - ना जाना हुआ
(4) हित युक्त - हित रहित

41. प्रभुसत्ता सम्पन्न शासक वर्ग एवं गरीब शिल्पी की संघर्ष कथा को किस नाटक की विषय वस्तु बनाया गया है ?

(1) शारदीया
(2) आदमी का ज़हर
(3) कोणार्क
(4) पहला राजा

42. 'धनुर्वाण' में समास है :

(1) तत्पुरुष
(2) बहुव्रीहि
(3) कर्मधारय
(4) द्वन्द्व

43. निम्न शब्दों में एक शब्द रूप है :

(1) तादात्मय
(2) तादात्म्य
(3) तदात्म्य
(4) तादत्म्य

44. निम्नांकित शब्दों में एक का अर्थ 'शिव' नहीं है :

(1) महादेव
(2) पशुपति
(3) चक्रपाणि
(4) शंकर

45. चिन्ता एक .......है। निम्न शब्दों में जो सटीक है उसे रिक्त स्थान के लिए चिन्हित कीजिए।

(1) रोग
(2) कष्ट
(3) व्याधि
(4) आधि



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**46.** 'आजानु बाहु' निम्नलिखित में किस वाक्य के लिए **सही** है ?

(1) जिसकी भुजाएँ छोटी हों
(2) जिसकी भुजाएँ घुटनों तक लम्बी हों
(3) जिसकी भुजाएँ लम्बी हों
(4) जिसकी भुजाएँ मोटी हों

**47.** 'अदृश्य शत्रु' अर्थ के अनुरूप मुहावरा है :

(1) आस्तीन का साँप
(2) मीठी छुरी
(3) मुँह में राम बगल में छुरी
(4) पेट में दाढ़ी

**48.** भक्ति काल की समय-सीमा आचार्य रामचन्द्र शुक्ल के अनुसार है :

(1) संवत् 1275 से संवत् 1700 तक
(2) संवत् 1275 से संवत् 1800 तक
(3) संवत् 1375 से संवत् 1850 तक
(4) संवत् 1375 से संवत् 1700 तक

**49.** 'तू डाल-डाल मैं पात-पात' - का भाव है :

(1) खतरा उठाना
(2) आगे-आगे दौड़ना
(3) चालाकी का जवाब चालाकी से देना
(4) पेड़ पर चढ़कर खेलना

**50.** 'अन्वेषण' का शुद्ध सन्धि-विच्छेद है :

(1) अनु+ऐषण
(2) अनु+एषण
(3) अन्+एषण
(4) अनु+वेषण





collegedunia
India's largest Student Review Platform

**51.** निम्नलिखित में कौन-सा उपन्यास दलित उपन्यासकार द्वारा लिखित **नहीं** है :

(1) झूलानट
(2) छप्पर
(3) मुक्तिपर्व
(4) बाबुल तेरे देश में

**52.** निम्नांकित में एक उपन्यास दलित विमर्श पर लिखा हुआ **नहीं** है :

(1) मुक्ति पर्व
(2) आक्रोश
(3) सुरंग में सुबह
(4) आज बाजार बन्द है।

**53.** वर्णिक छन्दों में किसका नियम होता है ?

(1) मात्रा का
(2) वर्ण का
(3) मात्रा और वर्ण का
(4) वर्ण की गुरुता का

**54.** 'गुण्डा' कहानी जयशंकर प्रसाद के किस कहानी संग्रह में संकलित है ?

(1) इन्द्र जाल
(2) आकाशदीप
(3) आँधी
(4) प्रतिध्वनि

**55.** 'घड़ों पानी पड़ना' – मुहावरे का सही अर्थ है :

(1) पूरी तरह भीग जाना
(2) सर्दी लगना
(3) अच्छी तरह नहाना
(4) लज्जित होना

**56.** 'केशव कहि न जाइ का कहिए' – किस काव्यकृति से उद्धृत है ?

(1) सूर सारावली
(2) साहित्य लहरी
(3) गीतावली
(4) विनय पत्रिका



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**57.** 'घुमक्कड़ शास्त्र' नामक ग्रंथ के लेखक हैं :

(1) राहुल सांकृत्यायन (2) नागार्जुन

(3) मुक्ति बोध (4) विद्या निवास मिश्र

**58.** 'अमिय हलाहल मद भरे, खेत स्याम रतनार' - पंक्ति के रचयिता हैं :

(1) घनानंद (2) बिहारी

(3) रसलीन (4) देव

**59.** 'अनन्त' शब्द में सन्धि है :

(1) स्वर (2) व्यंजन

(3) विसर्ग (4) कोई नहीं

**60.** 'सद्‌गति' शब्द में समास है :

(1) तत्पुरुष (2) कर्मधारय

(3) द्विगु (4) अव्ययीभाव

**61.** 'मानो हवा के जोर से सोता हुआ सागर जगा' - पंक्ति में अलंकार है :

(1) उपमा (2) उत्प्रेक्षा

(3) रूपक (4) दीपक

**62.** 'सद्यः स्नाता' शब्द प्रयुक्त होगा-

(1) जो सदा स्नान करती हो

(2) जो सदा नम बनी रहती हो

(3) जो सदा पानी में डूबी रहती हो

(4) जिसने अभी अभी स्नान किया हो



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**63.** 'छप्पय' में चरणों की संख्या होती है :

(1) दो (2) चार (3) छः (4) पाँच

**64.** 'दर्पण' का पर्यायवाची शब्द है :

(1) शीशा (2) सीसा (3) शिसा (4) शीषा

**65.** 'बालू से तेल निकालना' का सही अर्थ है :

(1) असम्भव कार्य (2) कठिन कार्य

(3) व्यर्थ प्रयास (4) सत्प्रयास

**66.** 'बादल' का पर्यायवाची शब्द है :

(1) पयोधर (2) अभ्र

(3) सारंग (4) ये सभी

**67.** खड़ी बोली या हरियाणवी का विकास किस अपभ्रंश से हुआ है :

(1) मागधी अपभ्रंश (2) शौरसेनी अपभ्रंश

(3) अर्द्धमागधी अपभ्रंश (4) नागर अपभ्रंश

**68.** निम्नलिखित में पुल्लिंग शब्द है :

(1) सरसों (2) मकई

(3) सारस (4) मूँग



collegedunia
India's largest Student Review Platform

69. 'स्थावर' का विलोम शब्द है :

(1) चेतन (2) जड़

(3) सचल (4) जंगम

70. 'प्रजा हितैषी' पत्र के सम्पादक थे :

(1) शिव प्रसाद 'सितारे हिन्द' (2) लक्ष्मण सिंह

(3) सदासुख लाल (4) लल्लू लाल

71. मेरे घर से आपका घर पाँच किलोमीटर दूर है- वाक्य में 'घर से' में कौन-सा कारक है ?

(1) कर्म (2) करण

(3) सम्प्रदान (4) अपादान

72. 'चारण साहित्य' किस साहित्य का दूसरा नाम है ?

(1) रासो साहित्य (2) सिद्ध साहित्य

(3) नाथ साहित्य (4) जैन साहित्य

73. रीति काल को 'अलंकृत काल' किसने कहा है ?

(1) मिश्र बंधु (2) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

(3) रमाशंकर शुक्ल 'रसाल' (4) राहुल सांकृत्यायन





collegedunia
India's largest Student Review Platform

**74.** हिन्दी साहित्य के इतिहास को व्यवस्थित स्वरूप देने का श्रेय किसको है ?

(1) शिवसिंह सेंगर (2) रामचन्द्र शुक्ल

(3) मिश्र बंधु (4) जॉर्ज ग्रियर्सन

**75.** 'माटी की मूरतें' किस विधा की रचना है ?

(1) कहानी (2) आत्मकथा

(3) संस्मरणात्मक रेखाचित्र (4) जीवनी

**76.** निम्नांकित में कौन-सी व्यंग्य रचना हरिशंकर परसाई की **नहीं** है ?

(1) भूत के पाँव (2) निठल्ले की डायरी

(3) बारात की वापसी (4) नेता जी कहिन

**77.** 'विभावानुभाव व्यभिचरी संयोगाद्रसनिष्पत्तिः' -सूत्र किस आचार्य का है ?

(1) भट्ट लोल्लट (2) भरत मुनि

(3) भट्ट नायक (4) अभिनव गुप्त

**78.** 'जिसका जन्म पहले हुआ हो' - वाक्य के लिए एक शब्द है :

(1) अग्रज (2) ज्येष्ठ

(3) वरिष्ठ (4) श्रेष्ठ

**79.** 'तल्लीन' शब्द में सही उपसर्ग है :

(1) तल् (2) तत

(3) तद् (4) तत्



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**80.** 'हंस' का पर्यायवाची शब्द है :

(1) कुरंग (2) भुजंग

(3) मराल (4) पंचवाण

**81.** निम्नलिखित शब्दों में कौन शब्द स्त्रीलिंग **नहीं** है ?

(1) रोटी (2) पानी

(3) पूड़ी (4) नदी

**82.** निम्नलिखित में से एक वाक्य में क्रिया 'भक्षण' करने के अर्थ में प्रयुक्त हुई है :

(1) वह बेईमानी का पैसा खाता है (2) वह जूते खाता है

(3) वह कसम खाता है (4) वह आम खाता है

**83.** निम्न में योगरूढ़ शब्द है :

(1) चक्रपाणि (2) पाठशाला

(3) अभिव्यक्ति (4) उपचार

**84.** काव्य रचना की दृष्टि से महाकवि माघ किन तीन गुणों से विभूषित स्वीकार किए जाते हैं?

(1) सत्व, रज, तम (2) ओज, प्रसाद, माधुर्य

(3) उपमा, अर्थगौरव, पदलालित्य (4) गौड़ी, वैदर्भी, पांचाली

**85.** 'कस्तूरी कुंडल बसै' किसकी आत्मकथा है ?

(1) मन्नू भंडारी (2) मैत्रेयी पुष्पा

(3) चित्रा मुद्गल (4) मृदुला गर्ग



collegedunia
India's largest Student Review Platform

निम्नलिखित अवतरण को ध्यान से पढ़कर उस पर पूछे गए प्रश्नों (प्रश्न सं० **86-90** तक) के उत्तर दिए गए विकल्पों से चुनिए–

आधुनिक मानव की चिन्तन प्रक्रिया पर भी विज्ञान ने गहरा प्रभाव डाला है। आस्था और मुद्रा के स्थान पर तर्क और बुद्धि की प्रतिष्ठा से ही परम्परागत मूल्यों पर प्रश्नचिन्ह लगा है किन्तु इस तथ्य का एक दूसरा पहलू भी है। वैज्ञानिक चिन्तन ने देश की दूरियाँ कम कर दी हैं, उससे मानव-मानव में अन्तर घटा है जिससे कई पुराने मूल्यों को ही नए आयाम मिले हैं। जो सहयोग छोटे से ग्राम या समाज तक सीमित था, अब विश्वव्यापी बनता जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप अन्तर्राष्ट्रीयतावाद पर अधिक बल दिया जाने लगा है। युद्ध पहले से अधिक गर्हित ठहराया जाने लगा है। समता भी अधिक महत्वपूर्ण मूल्य हो गया है, इसलिए यह कहना तो उचित नहीं जान पड़ता कि नए मूल्यों का विकास नहीं हुआ है, किन्तु सम्प्रति इतना अवश्य है कि कोई नया मूल्य इतना व्यापक नहीं हो सका कि पूरी मूल्य व्यवस्था दे सके। अधिकांश नवीनता पुरातन के संशोधन में ही रही है।

**86.** विज्ञान ने हमारी चिन्तन प्रक्रिया पर किस प्रकार प्रभाव डाला है ?

(1) हम अपने परम्परागत मूल्यों को तर्क और बुद्धि की कसौटी पर परखने लगे हैं।

(2) हमारा विश्वास सभी परम्परागत मूल्यों से उठ गया है।

(3) हमारी सोच शुद्ध भौतिकवादी हो गई है।

(4) हम पूर्णतया आत्मकेन्द्रित हो गए हैं ।

**87.** वैज्ञानिक चिन्तन से क्या परिवर्तन हुआ है ?

(1) हमें अधिक भौतिक लाभ मिलने लगे हैं।

(2) हमारी भौतिक दूरियाँ सिमट जाने से विश्व मानवता की परिकल्पना साकार हुई है जिससे अन्तर्राष्ट्रीयता की भावना का विकास हुआ है।

(3) अब हम अपने ग्राम से ही चिपके नहीं रहना चाहते अपितु विश्व भ्रमण करना चाहते हैं।

(4) हम विश्व के भौतिक सुखों की ओर अधिक आकृष्ट हुए हैं।



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**88.** विज्ञान ने किन नए मूल्यों के निर्माण में सहयोग किया है ?

(1) भौतिक सुख सुविधाओं को महत्वपूर्ण बना दिया है।

(2) रंगभेद व नस्लभेद को बढ़ावा दिया है।

(3) मनुष्य को आत्मकेन्द्रित बना दिया है।

(4) मनुष्य के बीच सभी प्रकार के भेदभाव मिटाकर समता के धरातल पर ला खड़ा किया है।

**89.** क्या आज के सभी मूल्य नवनिर्मित ही हैं ?

(1) आज सभी मूल्यों के नवनिर्माण में ही हम विश्वास करते हैं।

(2) आज मूल्य ही महत्वहीन हो गए हैं।

(3) नहीं अधिकांश पुरातन मूल्य ही संशोधित रूप में आ रहे हैं।

(4) हम पुरातन मूल्यों को बदलना ही नहीं चाहते।

**90.** उपर्युक्त अवतरण का उपयुक्त शीर्षक है:

(1) विज्ञान का महत्व

(2) मूल्य-चिन्तन

(3) पुरातन मूल्य

(4) अन्तर्राष्ट्रीयता की परिकल्पना

**91.** इनमें से कौन-सी कहानी चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी' की है ?

(1) सुखमय जीवन

(2) बुद्धू का काँटा

(3) उसने कहा था

(4) उपर्युक्त सभी

**92.** 'उसने कहा था' कहानी का मूल विषय क्या है ?

(1) आदर्श प्रेम

(2) कृषक जीवन का चित्रण

(3) समाज सुधार

(4) नैतिकता एवं उपदेशात्मकता

**93.** प्रेमचन्द के किस कहानी संग्रह को अंग्रेज सरकार ने जब्त कर लिया था ?

(1) प्रेम पचीसी

(2) सोज़े वतन

(3) प्रेम द्वादशी

(4) कोई नहीं



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**94.** 'मानसरोवर' किसकी कहानियों का संकलन है ?

(1) सुदर्शन
(2) यशपाल
(3) प्रेमचन्द
(4) भगवतीचरण वर्मा

**95.** यदि द्विवेदी जी न उठ खड़े होते तो जैसी अव्यवस्थित व्याकरण विरुद्ध और ऊटपटांग भाषा चारों ओर दिखाई पड़ती थी उसकी परम्परा जल्दी न रुकती- यह कथन किसका है ?

(1) रामचन्द्र तिवारी
(2) रामचन्द्र शुक्ल
(3) रामविलास शर्मा
(4) रामकुमार वर्मा

**96.** हिन्दी पत्रकारिता का आरम्भ कहाँ से हुआ ?

(1) कलकत्ता
(2) काशी
(3) प्रयाग
(4) आगरा

**97.** 'खण्डवा' से कौन-सी पत्रिका प्रकाशित होती थी ?

(1) प्रताप
(2) माधुरी
(3) सुदर्शन
(4) प्रभा

**98.** 'सरस्वती' के प्रथम सम्पादक थे :

(1) महावीर प्रसाद द्विवेदी
(2) श्यामसुन्दर दास
(3) प्रयाग नारायण शुक्ल
(4) हरिभाऊ उपध्याय

**99.** छायावाद की समय सीमा मानी जाती है :

(1) 1915 से 1936 ई०
(2) 1918 से 1928 ई०
(3) 1918 से 1936 ई०
(4) 1921 से 1941 ई०



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**100.** प्रसाद जी के नाटकों के विषय में कौन-सा कथन **असत्य** है ?

(1) उन्होंने ऐतिहासिक नाटकों की रचना की है

(2) उनके नाटक प्रसादान्त हैं

(3) उनके नाटकों में पाश्चात्य और भारतीय नाट्यकला का समन्वय है

(4) उनके नाटकों में गीत नहीं है

**101.** विवाह, मुक्ति और पुनर्विवाह की समस्या को प्रसाद जी ने किस नाटक में प्रस्तुत किया है ?

(1) चन्द्रगुप्त (2) ध्रुवस्वामिनी

(3) अजातशत्रु (4) स्कंदगुप्त

**102.** 'जालपा' किस उपन्यास की नारी-चरित्र है ?

(1) मंगलसूत्र (2) दिव्या

(3) गबन (4) निर्मला

**103.** 'फैन्टेसी' का कवि किसे कहा जाता है ?

(1) मुक्तिबोध (2) अज्ञेय

(3) शमशेर बहादुर (4) रघुबीर सहाय

**104.** हिन्दी में 'सानेट' की रचना करने वाले कवि हैं :

(1) भवानी प्रसाद मिश्र (2) नागार्जुन

(3) त्रिलोचन (4) बेढब बनारसी



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**105.** असत्य कथन बताइए :

(1) प्राकृतिक सौन्दर्य का निरूपण हिन्दी-यात्रावृत्त साहित्य की एक प्रमुख प्रवृत्ति है।

(2) हिन्दी में विदेश भ्रमण से सम्बन्धित यात्रा वृत्त भारत-भ्रमण से सम्बन्धित यात्रावृत्तों की तुलना में अधिक लिखे गए हैं।

(3) यात्रावृत्त में अब वर्णन का महत्त्व कम होकर अनुभव की अभिव्यक्ति का महत्त्व बढ़ रहा है।

(4) यात्रावृत्त लेखकों में प्रायः कहानीकार उपन्यासकार नहीं हैं।

**106.** 'धिक् जीवन जो पाता ही आया है विरोध' – किस कवि की पंक्ति है ?

(1) प्रसाद (2) पन्त

(3) निराला (4) महादेवी

**107.** विपरीतार्थक शब्दों में कौन-सा युग्म असंगत है ?

(1) उदासीन-कृपण (2) उत्कर्ष-अपकर्ष

(3) उच्छ्वास-निःश्वास (4) उद्यम-आलस्य

**108.** भाषा शब्द बना है-

(1) भाष् धातु से (2) भज् धातु से

(3) भष धातु से (4) भख् धातु से

**109.** हिन्दी भाषी क्षेत्र नहीं है :

(1) हरियाणा (2) हिमांचल प्रदेश

(3) बिहार (4) बंगाल



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**110.** भोजपुरी का क्षेत्र **नहीं** है :

(1) गोरखपुर (2) मिर्जापुर

(3) गाजीपुर (4) सुल्तानपुर

**111.** 'अभिव्यंजनावाद' को किस पाश्चात्य चिन्तक के काव्यशास्त्रीय सिद्धान्त के रूप में जाना जाता है ?

(1) इलियट (2) क्रोचे

(3) रिचर्डस् (4) अरस्तू

**112.** निम्न में कौन-सा ऊष्म व्यंजन है ?

(1) स (2) म (3) प (4) ग

**113.** शब्द कोश की दृष्टि से 'क्ष' व्यंजन का क्रम किस वर्ण के बाद आता है ?

(1) च (2) क (3) छ (4) ह

**114.** भरत मुनि ने नाट्य में रसों की संख्या कितनी मानी है ?

(1) 7 (2) 8 (3) 9 (4) 10

**115.** निम्न म कौन-सी बोली पश्चिमी हिन्दी के अन्तर्गत नहीं आती ?

(1) ब्रजभाषा (2) खड़ी बोली

(3) कन्नौजी (4) बघेली

**116.** 'चौरासी वैष्णवन की वार्ता' मूलतः कौन-सी विधा है ?

(1) कथा-कहानी (2) जीवन-वृत्त

(3) आत्मकथा (4) संस्मरण



collegedunia
India's largest Student Review Platform

117. 'हिन्दी भारत की कार्यालयी भाषा और लिपि देवनागरी ' होगी -किस अनुच्छेद में कहा गया है ?

(1) 343 (2) 210 (3) 344 (4) 351

निम्नलिखिल गद्यावतरण को ध्यानपूर्वक पढ़ें और उससे सम्बन्धित प्रश्नों (प्रश्न सं० **118-123** तक) के उत्तरों के लिए बहुविकल्पों में से सही विकल्प चुनें :

'तुलसी ने जिस गीतिकाव्य धारा को प्रवाहित किया, वह भारत की एक सुदीर्घ गीति परम्परा से सम्बन्ध रखती है। इस परम्परा का विकास वैदिक युग से प्रारम्भ होता है। सामवेद गीतिकाव्य का मूल स्रोत है। इसमें मधुरता, त्वरा, गेयता आदि सभी गुण विद्यमान हैं। बौद्धों के थेरीगाथाओं में भी गीति के तत्त्व प्राप्त होते हैं। संस्कृत साहित्य में गीति-काव्य का पूर्ण विकास कालिदास के 'ऋतुसंहार' और 'मेघदूत' में दिखाई देता है। यह धारा 'गाथा सप्त राती' 'आर्यासप्तशती', 'अमरुकशलक' में होती हुई जयदेव के 'गीत गोविन्द' में परिलक्षित होती है। 'गीतगोविन्द' का प्रत्येक पद मधुर राग की स्वरलहरी से आप्लावित है। सरल एवं संगीतात्मक पद विन्यास, मधुर भावोद्रेक, कोमल कान्त पदावली की दृष्टि से यह काव्य अनुपमेय है।'

118. तुलसी की रचनाओं के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?

(1) उन्होनें गीतिकाव्य की रचना नहीं की है।

(2) उन्होनें गीतिकाव्य की रचना की है।

(3) उनकी रचनाएँ छन्दबद्ध नहीं हैं।

(4) उनकी रचनाओं में माधुर्य नहीं है।

119. तुलसी की गीतिकाव्य रचना के सम्बन्ध में सही कथन है :

(1) गीतिकाव्य परम्परा के प्रवर्तक तुलसीदास हैं।

(2) तुलसी की गीतिकाव्य रचना प्राचीन भारतीय गीति परम्परा के विकास क्रम में आती है।

(3) तुलसी की गीति रचनाएँ विदेशी प्रभात से मुक्त हैं।

(4) उपर्युक्त अवतरण के आधार पर इस विषय में कुछ नहीं कहा जा सकता है।



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**120.** गीतिकाव्य का उद्भव माना जाता है :

(1) वेदों से (2) उपनिषदों से

(3) रामायण से (4) महाभारत से

**121.** निम्नलिखित में कौन-सा कथन सही नहीं है ?

(1) सामवेद में गीति रचनाएँ प्राप्त होती हैं।

(2) बौद्ध ग्रंथों में भी गीति रचनाओं के तत्त्व मिलते हैं।

(3) ऋतुसंहार गीतिकाव्य नहीं है।

(4) गीत गोविन्द संगीत प्रधान रचना है।

**122.** निम्नलिखित में एक गीतिकाव्य का तत्त्व नहीं है :

(1) कोमल कान्त पदावली (2) गेयता

(3) भावोद्रेकशीलता (4) निराशावादिता

**123.** आचार्य शुक्ल अवधी की सबसे प्राचीन रचना किसे मानते हैं ?

(1) चन्दायन (2) पद्मावत

(3) सत्यवती कथा (4) मृगावती

**124.** 'सूर कवित्त सुनि कौन कवि जो नहिं सिर चालन करैं- के लेखक हैं :

(1) सूरदास (2) प्रियादास

(3) नाभादास (4) नंददास



collegedunia
India's largest Student Review Platform

125. 'इश्क का दर्द इनके एक-एक वाक्य में भरा पाया जाता है' –आचार्य शुक्ल का यह कथन किसके संदर्भ में है ?

(1) ठाकुर
(2) बोधा
(3) आलम
(4) घनानंद

126. निम्न शब्दों में एक कामदेव का पर्यायवाची शब्द **नहीं** है :

(1) यक्षराज
(2) अनंग
(3) कंदर्प
(4) मन्मथ

127. 'सुन्दर पुरुष' – में समास है :

(1) अव्ययी भाव
(2) कर्मधारय
(3) बहुब्रीहि
(4) तत्पुरुष

128. 'उस जगह एक सभा होने जा रही है'– में कारक है :

(1) कर्मकारक
(2) सम्प्रदान कारक
(3) अधिकरण कारक
(4) अपादान कारक

129. 'दुष्कर्म' में प्रयुक्त उपसर्ग है :

(1) दुःख
(2) दुर
(3) दुख्
(4) दुः

130. 'यामा' में संग्रहीत **नहीं** है :

(1) नीहार
(2) रश्मि
(3) दीपशिखा
(4) नीरजा



collegedunia
India's largest Student Review Platform

131. 'खाली कुर्सी की आत्मा' उपन्यास के लेखक हैं :

(1) देवराज (2) लक्ष्मीकान्त वर्मा

(3) प्रभाकर माचवे (4) निर्मल वर्मा

132. 'सेफ्टीपिन' कहानी के लेखक हैं :

(1) राजेन्द्र यादव (2) कमलेश्वर

(3) ज्ञान रंजन (4) मोहन राकेश

133. भारतेन्दु युग को आधुनिक हिन्दी का आदिकाल किसने कहा है ?

(1) राहुल सांकृत्यायन (2) राम विलास शर्मा

(3) राम स्वरूप चतुर्वेदी (4) डॉ० नगेन्द्र

134. 'साये में धूप' के लेखक हैं :

(1) उदय प्रकाश (2) दुष्यन्त कुमार

(3) राजेन्द्र यादव (4) कमलेश्वर

135. 'औरत के लिए औरत' -स्त्री विमर्श केन्द्रित किसकी रचना है ?

(1) मैत्रेयी पुष्पा (2) नासिरा शर्मा

(3) मृदुला गर्ग (4) क्षमा शर्मा

136. 'नंगा तलाई का गाँव' - संस्मरणात्मक उपन्यास के लेखक हैं :

(1) नन्दकिशोर नवल (2) असगर वजाहत

(3) विश्वनाथ मिश्र (4) विश्वनाथ त्रिपाठी



collegedunia
India's largest Student Review Platform

137. अनुभाव के कितने रूप माने गए हैं ?

(1) चार (2) तीन (3) पाँच (4) एक

138. 'राजभाषा आयोग' का गठन किस वर्ष हुआ ?

(1) 1954 (2) 1955 (3) 1956 (4) 1957

139. 'दरियाई घोड़ा' कहानी के लेखक हैं :

(1) शेखर जोशी (2) अमरकान्त

(3) उदय प्रकाश (4) संजीव

140. **'चाह मिट जाने पर'** यह पृथ्वी ही स्वर्ग है- इस वाक्य में रेखांकित वाक्यांश का समानार्थी है :

(1) नैराश्य होने पर (2) तृप्त होने पर

(3) आसक्ति होने पर (4) विरक्ति होने पर

141. जोइ-जोइ पिण्डे सोइ ब्रह्माण्डे'-सिद्धान्त के उद्घोषक हैं :

(1) कबीरदास (2) गोरखनाथ

(3) तुलसीदास (4) सरहपा

142. निम्नांकित कवियों का जन्मकाल के अनुसार सही क्रम बताइए :

(1) केशवदास, बिहारी, भूषण, मतिराम

(2) बिहारी, केशवदास, मतिराम, भूषण

(3) भूषण, मतिराम, बिहारी, केशवदास

(4) केशवदास, मतिराम, भूषण, बिहारी



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**143.** हिन्दी का 'जातीय कवि' किसको कहा जाता है ?

(1) कबीर (2) जायसी

(3) तुलसी (4) सूर

**144.** 'नारी निकले तो असती है नर यती कहा कर चल निकले' उक्ति किस काव्यकृति की है ?

(1) यशोधरा (2) विष्णुप्रिया

(3) कनुप्रिया (4) भारत-भारती

**145.** निम्न एकांकियों और एकांकी कर्मों का एक युग्म सुमेलित **नहीं** है :

(1) अंधेर नगरी-भारतेन्दु

(2) एक घूँट-प्रसाद

(3) बादल की मृत्यु -रामकुमार वर्मा

(4) चारु मित्रा-उदयशंकर भट्ट

**146.** सन् 2013 का ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्त करने वाले साहित्यकार हैं :

(1) काशीनाथ सिंह (2) केदारनाथ सिंह

(3) दूधनाथ सिंह (4) केदारनाथ अग्रवाल

**147.** सन् 2014 का व्यास सम्मान किसे दिया गया है :

(1) कमलेश्वर (2) चित्रामुदगल

(3) कमल किशोर गोयनका (4) मैत्रेयी पुष्पा

**148.** निम्नलिखित रचनाकारों का कालक्रमानुसार सही समूह है :

(1) प्रसाद, पन्त, निराला, महादेवी (2) पंत, प्रसाद, निराला, महादेवी

(3) प्रसाद, निराला, पंत, महादेवी (4) महादेवी, प्रसाद, निराला, पंत



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**149.** काव्य में कल्पना सिद्धान्त के जनक माने जाते हैं :

(1) कॉलरिज

(2) विलियम वर्ड्सवर्थ

(3) टी.एस.इलियट

(4) आई.ए.रिचर्ड्स

**150.** निम्नलिखित रचनाओं का कौन-सा समूह उनके प्रकाशन वर्ष के क्रमानुसार है ?

(1) करुणालय, आँसू, लहर, कामायनी

(2) आँसू, लहर, करुणालय, कामायनी

(3) कामायनी, लहर, करुणालय, आँसू

(4) लहर, कामायनी, आँसू, करुणालय





collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

ROUGH WORK

रफ़ कार्य





collegedunia
India's largest Student Review Platform

# अभ्यर्थियों के लिए निर्देश

***(इस पुस्तिका के प्रथम आवरण पृष्ठ पर तथा उत्तर-पत्र के दोनों पृष्ठों पर केवल नीली-काली बाल-प्वाइंट पेन से ही लिखें)***

1. प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के अन्दर ही देख लें कि प्रश्नपत्र में सभी पृष्ठ मौजूद हैं और कोई प्रश्न छूटा नहीं है। पुस्तिका दोषयुक्त पाये जाने पर इसकी सूचना तत्काल कक्ष-निरीक्षक को देकर सम्पूर्ण प्रश्नपत्र की दूसरी पुस्तिका प्राप्त कर लें।
2. परीक्षा भवन में ***लिफाफा रहित प्रवेश-पत्र के अतिरिक्त,*** लिखा या सादा कोई भी खुला कागज साथ में न लायें।
3. ***उत्तर-पत्र अलग से दिया गया है। इसे न तो मोड़ें और न ही विकृत करें। दूसरा उत्तर-पत्र नहीं दिया जायेगा। केवल उत्तर-पत्र का ही मूल्यांकन किया जायेगा।***
4. अपना अनुक्रमांक तथा उत्तर-पत्र का क्रमांक प्रथम आवरण-पृष्ठ पर पेन से निर्धारित स्थान पर लिखें।
5. ***उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर पेन से अपना अनुक्रमांक निर्धारित स्थान पर लिखें तथा नीचे दिये वृत्तों को गाढ़ा कर दें। जहाँ-जहाँ आवश्यक हो वहाँ प्रश्न-पुस्तिका का क्रमांक तथा सेट का नम्बर उचित स्थानों पर लिखें।***
6. ***ओ० एम० आर० पत्र पर अनुक्रमांक संख्या, प्रश्नपुस्तिका संख्या व सेट संख्या (यदि कोई हो) तथा प्रश्नपुस्तिका पर अनुक्रमांक और ओ० एम० आर० पत्र संख्या की प्रविष्टियों में उपरिलेखन की अनुमति नहीं है।***
7. ***उपर्युक्त प्रविष्टियों में कोई भी परिवर्तन कक्ष निरीक्षक द्वारा प्रमाणित होना चाहिये अन्यथा यह एक अनुचित साधन का प्रयोग माना जायेगा।***
8. ***प्रश्न-पुस्तिका में प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के वैकल्पिक उत्तर के लिए आपको उत्तर-पत्र की सम्बन्धित पंक्ति के सामने दिये गये वृत्त को उत्तर-पत्र के प्रथम पृष्ठ पर दिये गये निर्देशों के अनुसार पेन से गाढ़ा करना है।***
9. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिए केवल एक ही वृत्त को गाढ़ा करें। एक से अधिक वृत्तों को गाढ़ा करने पर अथवा एक वृत्त को अपूर्ण भरने पर वह उत्तर गलत माना जायेगा।
10. ***ध्यान दें कि एक बार स्याही द्वारा अंकित उत्तर बदला नहीं जा सकता है। यदि आप किसी प्रश्न का उत्तर नहीं देना चाहते हैं, तो संबंधित पंक्ति के सामने दिये गये सभी वृत्तों को खाली छोड़ दें। ऐसे प्रश्नों पर शून्य अंक दिये जायेंगे।***
11. रफ कार्य के लिए प्रश्न-पुस्तिका के मुखपृष्ठ के अंदर वाला पृष्ठ तथा उत्तर-पुस्तिका के अंतिम पृष्ठ का प्रयोग करें।
12. परीक्षा के उपरान्त केवल ***ओ एम आर उत्तर-पत्र*** परीक्षा भवन में जमा कर दें।
13. परीक्षा समाप्त होने से पहले परीक्षा भवन से बाहर जाने की अनुमति नहीं होगी।
14. यदि कोई अभ्यर्थी परीक्षा में अनुचित साधनों का प्रयोग करता है, तो वह विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित दंड का/की, भागी होगा/होगी।

collegedunia
India's largest Student Review Platform